संख्या-17/2015/604 /38-6-15-04(एवीआरवाई)/2014

प्रेषक,

वी0हेकाली झिमोमी,
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास,
उ0प्र0, लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-6 **लखनऊ दिनांक-25 मई ,2015**

विषय:- अम्बेडकर विशेष रोजगार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2015-16 हेतु अनुदान सं0-83 (एससीएसपी) की वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अम्बेडकर विशेष रोजगार (ए.वी.आर.वाई.) के अन्तर्गत सामान्य मद अनुदान सं0-83 में वित्तीय वर्ष 2015-16 हेतु नियोजन विभाग द्वारा रू0 600.00 लाख (रूपये छः करोड़ मात्र) का परिव्यय निर्धारित किया गया है। इस संबंध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015 दि0-30.03.2015 में दी गयी व्यवस्था के अनुरूप योजनान्तर्गत अनुदान सं0-83 में कुल प्राविधानित धनराशि रू0-600.00 लाख(रूपये छः करोड़ मात्र) के सापेक्ष रू0300.00 लाख(रूपये तीन करोड़ मात्र) आयुक्त, ग्राम्य विकास के निवर्तन पर रखे जाने हेतु श्री राज्यपाल महोदय इस शर्त के साथ स्वीकृति प्रदान करते हैं कि प्रश्नगत धनराशि का राजकोष से आहरण परियोजनावार शासन स्तर से परियोजना की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त ही तदनुसार किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय व्ययक अनुदान सं0-83 के अंतर्गत स्वीकृत की जाने वाली धनराशि लेखा शीर्षक "2515-अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रम-आयोजनागत-789- अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-05-अम्बेडकर रोजगार योजना-27-सब्सिडी" के नामें डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0 2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015 दिनांक-30.03.2015 में दी गई व्यवस्था के अधीन तथा

समाज कल्याण बजट प्रकोष्ठ, उ0प्र0 के शासनादेश दिनांक- 29.03.2014 में प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीया,

(वी0हेकाली झिमोमी)
सचिव।

संख्या- - (1)/38-6-2015, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी)-प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- महालेखाकार(सिविल आडिट)-प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- निदेशक, कोषागार/मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियां एवं पंचायतें, नवाँ तल, इंदिरा भवन, लखनऊ ।
6- समस्त मण्डलायुक्ता/जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी/कोषाधिकारी, उ0प्र0 ।
7- अपर आयुक्त, लेखा, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
8- वित्त (व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-2/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
9- ग्राम्य विकास अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-3
10- योजना से संबंधित समस्त लाइन विभाग द्वारा आयुक्त ग्राम्य विकास उ0प्र0 लखनऊ ।
11- समाज कल्याण बजट प्रकोष्ठ, उ0प्र0 शासन ।

12- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(प्रभात कुमार श्रीवास्तव)

संयुक्त सचिव।